## मो0 सोहेब, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या 01/210/383 का उत्तर प्रतिवेदन।

| तारांकित प्रश्न सं0–01/210/383 | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| 1. क्या यह सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के पंचायत राज मतेयां खास से मुख्य नहर से निकलने वाली छोटी नहर मतेयां एवं गोपालपुर होते हुए रामपुर भैंसही को जाती है; | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत नहर, रामपुर–भैंसही लघुनहर है, जो सारण मुख्य नहर के कि0मी0 16.15 से निकलती है। यह लघुनहर मतेयाँ एवं गोपालपुर होते हुये रामपुर–भैंसही को जाती है। |
| 2. क्या यह सही है कि उक्त नहर क्षतिग्रस्त रहने के कारण खेती के लिए पानी नहीं पहुंचता है; | उक्त लघुनहर की कुल लम्बाई 3.35 कि0मी0 है। वर्तमान खरीफ सिंचाई अवधि के प्रारंभ के पूर्व कि0मी0 0.00 से कि0मी0 2.00 तक नहर की सफाई करायी गयी है। वर्तमान में नहर में 3.00 कि0मी0 तक सिंचाई कार्य हेतु पानी पहुँच रहा है तथा शेष लम्बाई 0.35 कि0मी0 में फिल्ड टू फिल्ड पटवन हो रहा है तथा इस लघुनहर से निःसृत मतेया–खास जलवाहा एवं राजापुर जलवाहा में सिंचाई हेतु जलश्राव प्रवाहित हो रहा है। |
| 3. क्या यह सही है कि खेतों में पानी नहीं पहुंचने के बावजूद गंडक विभाग के द्वारा पटवन की वसूली की जाती है; | प्रश्नगत लघुनहर के कमांड क्षेत्र में कृषकों द्वारा नहर के पानी से धान की अच्छी फसल लगायी गयी है। रामपुर–भैंसही लघुनहर के कमांड एरिया में सिंचाई करने के पश्चात् ही इस कार्यालय/विभाग द्वारा पटवन की वसूली की जाती है। |
| 4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नहर का जीर्णोद्वार कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | चल रहे पश्चिमी गंडक नहर पुनर्स्थापन योजना (ई0आर0एम0) के ग्रुप सं0–08 के तहत प्रश्नगत लघुनहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य प्रावधानित है, जिसे खरीफ सिंचाई अवधि 2025 के उपरांत पूर्ण करा लिया जायेगा। |

**बिहार सरकार**
**<u>जल संसाधन विभाग</u>**

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सि0)–06–41/2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 210वें सत्र से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01/210/383 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सि0)–06–41/2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सि0)–06–41/2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सि0)–06–41/2025– 4106 पटना, दिनांक– 28/08/2025

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27.8.25
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo